# संस्कार भारती की वार्षिक बैठक संपन्न, वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत

### क्रांति तीर्थ प्रतियोगिता एवं होली मिलन समारोह के आयोजन की समीक्षा, दिसम्बर में चम्पारण्य महोत्सव-2023

**अवधेश कुमार शर्मा**

**बेतिया, प. च.:** जिला की संस्था संस्कार भारती जिला इकाई की वार्षिक बैठक का आयोजन बेतिया-सिकटा मुख्य पथ पर अवस्थित भंगहा माई स्थान के पावन प्रांगण में सम्पन्न हुई। जिला इकाई के अध्यक्ष अखिलेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में उपर्युक्त बैठक की गयी। पिछले वित्तीय वर्ष का लेखा-जोखा मीडिया प्रभारी सह प्रभारी कोषाध्यक्ष पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा ने प्रस्तुत किया। गहन विचारोपरान्त एवं आंशिक सुझाव के साथ लेखा-जोखा को सर्वसम्मति से पारित हुआ। भारत सरकार की संस्कृति मंत्रालय, इंस्टिट्यूट ऑफ सोसल एन्ड कल्चरल स्टडीज तथा संस्कार भारती की बिहार इकाई द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित क्रांति तीर्थ प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं शानदार समापन के लिए कार्यक्रम के जिला संयोजक पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा को हार्दिक बधाई दी गयी। विदित हो की क्रांति तीर्थ प्रतियोगिता का संपूर्ण खर्च भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने वहन किया। होली मिलन समारोह 2023 के सफल आयोजन की मुख्य आयोजक मंगलम प्रतिष्ठान के संचालक एवं संस्कार भारती की जिला इकाई के संरक्षक उत्तम मोटानी की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। जिला इकाई ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि चम्पारण्य महोत्सव-2023 का आयोजन 16 और 17 दिसंबर 2023 को किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों यथा-संचालन,सांस्कृतिक कार्यक्रम, वैचारिक एवं कवि गोष्ठी तथा विज्ञापन समिति का गठन भी किया गया। चम्पारण्य महोत्सव-2023 का आयोजन संचालन समिति की देख-देख में किया जाएगा। संचालन समिति में रवि रंक (संयोजक), कृष्णकांत मिश्र, डॉ.सुरेंद्र कुमार राम, डॉ. दिवाकर राय, कुंदन शाण्डिल्य, पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा तथा कुमारी सीमा को रखा गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति में अनिल कुमार शर्मा, सत्यम मिश्र, डॉ.सुरेंद्र कुमार राम, डॉ. रामेश्वर कुमार, हरिशंकर मिश्र, कुमारी सीमा को शामिल किया गया। वैचारिक एवं कवि गोष्ठी समिति में पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा, मुनीन्द्र मिश्र, डॉ. दिवाकर राय, अखिलेश्वर मिश्र, निखिल चंद्र पाण्डेय, मुनीन्द्र कुमार झा शामिल हुए। विज्ञापन समिति में उत्तम मोटानी, कुंदन शांडिल्य, कृष्णकांत मिश्र, पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा, रवि रंक, प्रशांत सौरभ का नाम सर्वसम्मति से शामिल किया गया। सभी समितियों की निगरानी का कार्य संचालन समिति को दिया गया। पिछले वर्ष में संस्कार भारती की जिला इकाई एवं बिहार प्रदेश द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों की कवरेज प्रमुखता से करने को पश्चिम चम्पारण की प्रिंट मीडिया के प्रति आभार प्रकट किया। सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये।कार्यक्रम का संचालन पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा ने किया। बैठक में शशि भूषण प्रसाद जयप्रकाश दुबे, अभिजीत मिश्रा, राकेश कुमार,राहुल पाण्डेय एवं ज्वाला प्रसाद वर्मा की सक्रिय उपस्थिति रही।

# कैरियर प्वाइंट कोचिंग संस्थान का मना वार्षिक महोत्सव

**राष्ट्रीय खबर**

**करगहर (रोहतास) :** उच्च विद्यालय में रविवार को कैरियर प्वाइंट कोचिंग सेंटर के तत्वावधान में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कोचिंग संचालक वेद प्रकाश पांडेय व संचालन धन्नंजय पांडेय ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल, व करगहर विधायक संतोष मिश्रा, एमएलसी अशोक पांडेय, नोखा जिला पार्षद कृष्ण मुरारी मिश्रा उर्फ मेलू मिश्रा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिनारा विधायक विजय मंडल ने कहा कि शिक्षा से बेहतर कुछ नही हो सकता, बेहतर मुकाम हासिल करना है तो सबसे पहले शिक्षा ग्रहण करना जरूरी है। वही एमएलसी अशोक पांडेय ने मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ी पूजीं है। शिक्षा से ही समाज में अलख जगाया जा सकता है। करगहर विधायक संतोष मिश्रा ने कहा कि शिक्षा से बच्चों का भविष्य बेहतर बनाया जा सकता है। जिन्हे शिक्षा से सिंचकर एक उचित मुकाम तक पहुँचाया जा सकता है। मौके पर दिनारा नगर पंचायत उपाध्यक्ष विवेकानंद पांडेय, सेंदुआर बीडीसी दुर्गेश ओझा, राजाराम यादव सतेन्द्र राय, नरेंद्र तिवारी रिंकू, सत्यम पाण्डेय, बच्चा सिंह यादव, नंदु पान्डेय सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। वही कोचिंग में सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी व मेडल देकर आगंतुक अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें पुरे कोचिंग में सुरज कुमार को प्रथम स्थान लाने पर सभी अतिथियों ने एक साथ पुरस्कार दिया। छात्र-छात्राओं में कालिंदी तिवारी, दुर्गा कुमारी, पंकज कुमार , सुरज कुमार, पियूष दूबे ,ललीत नारायण, समीना कुमारी , प्रिती कुमारी, दीपिका कुमारी, ममता कुमारी, रवि किशन कुमार, सुशील कुमार, श्रेया कुमारी, कृष्ण सागर, विभा कुमारी, नेहा कुमारी ,सचिन कुमार ,वंदना कुमारी, विक्की कुमार, श्रृष्टि कुमारी, रौनक कुमार गुप्ता, प्रतीक कुमार, उज्जवल कुमार, परमहंस कुमार, सत्यम कुमार, सुरज कुमार, नीरज कुमार ,सत्यम कुमार , मोदी कुमार, शिवम कुमार सहित सभी छात्र व छात्राएं उस्थित थे।



## खबरें नेपाल की

# कर्मचारियों ने किया पेन डाउन ऑफ, अनिवार्य छोड़ सभी सेवा बन्द



**राष्ट्रीय खबर**

**सलार्ही / नेपाल :** सलार्ही के बसबरिया ग्रामीण नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारियों ने काम बंद कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। स्थानीय स्तरीय कर्मचारी संघर्ष समिति बसबरिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी सेवाओं को अनिश्चित काल के लिए बंद कर करने की घोषणा किया है। नेपाल सरकार के मंत्रिपरिषद की बैठक से संघीय सिविल सेवा विधेयक 2080 को पारित करने का निर्णय लिया गया। तथा, इसे संसद में प्रस्तुत करें और विधेयक में स्थानीय स्तर के कर्मचारियों की सेवा सुविधाओं और सुरक्षा के बारे में अस्पष्टता थी। वे यह कहते हुए आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द एक एकीकृत नागरिक कानून जारी किया जाय। जिसमें सुरक्षा से संबंधित मुद्दे भी शामिल हों। स्थानीय स्तर के कर्मचारियों की मांगों को संघीय सिविल सेवा अधिनियम में शामिल किया जाये तथा उस अधिनियम के स्थान पर एकीकृत सिविल सेवा अधिनियम जारी किया जाये। तथा स्थानीय स्तर के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी का पद स्थानीय सेवा में ही बना रहे। इसी तरह वे मांग कर रहे हैं कि स्थानीय स्तर के कर्मचारियों को भी सिविल सेवा की परिभाषा में शामिल किया जाना चाहिए, और उन्हें बिना सहमति के स्थानीय स्तर पर चक्रीय प्रणाली में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। बता दें उन्होंने यह भी पुरजोर मांग की है कि उनके द्वारा उठाई गई मांगों पर तुरंत ध्यान दिया जाए। चूंकि सरकार ने स्थानीय स्तर पर कर्मचारियों द्वारा उठाई गई मांगों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, इसलिए स्थानीय स्तर पर गैर-जरूरी सेवाएं बंद कर दी गईं। इसके चलते भले ही स्थानीय स्तर पर कार्यालय खुल गए हों, लेकिन कर्मचारियों के आंदोलन के कारण सेवाएं बंद हो गई हों। लेकिन लाभार्थियों को सेवाएं मिलने में दिक्कत हो रही है।

# चोरों के आतंक से ग्रामीण भयभीत एक ही रात 5 घरों में भीषण चोरी



### छानबीन में जुटी पुलिस, नहीं मिल रही सुराग

**राष्ट्रीय खबर**


**रीगा / सीतामढ़ी :** थाना क्षेत्र के सिराही पंचायत के सिंघोरवा गांव में एक ही रात में आधा दर्जन घरों में चोरी की घटना से हड़कंप मच गया है। देर रात्रि आये अज्ञात चोरों ने बारी-बारी से पांच घरों में चोरी की घटना को अंजाम देकर करीब 15 लाख रुपए मूल्य के जेवरात एवं नगद रुपए की चोरी कर ली है। सिंघोरबा गांव निवासी अनिरुद्ध गोसाई के घर में अज्ञात चोरों ने 25 हजार नगद, तीन भर सोना, साठ भर के चांदी का जेवरात चोरी कर ली है। शत्रुघ्न गोसाई के घर से एक भर सोना व 10 हजार नगद की चोरी की है। ग्रामीण जितेंद्र बैठा के घर से 15 भर चांदी और कीमती कपड़ा अज्ञात चोरों ने चोरी की है। वही अवनीश कुमार के घर से कीमती मोबाइल की चोरी की है। मनीष पटेल के घर में रखा तीस भर चांदी, 3 भर सोने का जेवर, 10 हजार नगद की चोरी की है। एक ही रात पांच घरों में चोरी की घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है।

# पटना के कुख्यात अपराधी जटहा की गोली मारकर हत्या, भूमाफियाओं पर शक

### बधार में फेंका शव, एसयूवी कार बरामद, छानबीन में जुटी पुलिस

### व्यवसाइयों ने ली राहत की सांस

**राष्ट्रीय खबर**



**पटना :** पुलिस के सरदर्द बना कुख्यात शत्रुघ्न कुमार उर्फ जटहा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। तथा, उसके शव को बधार में फेंक दिया। घटनास्थल से पुलिस ने खून से सनी एक एसयूवी कार बरामद किया है। घटना शनिवार के देर रात नौबतपुर थाना क्षेत्र के चैसा गांव की बताई गई है। पटना जिले के नौबतपुर के अलावा अन्य कई थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज थे। हालांकि हत्या के पीछे के कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है संभावना जताई जा रही है। नौबतपुर बाजार के कारोबारियों में जटहा का भय व्याप्त था। हाल ही में एक होटल में खाने के दौरान गोलीबारी कर दिया था। इन दिनों जमीन कारोबारियों से रंगदारी वसूली करता था और जो नही देते थे उसका विरोध करता था। ऐसा तो नहीं कहीं जमीन माफिया ने कुख्यात अपराधी जटहा को सेट कर दिया। पुरा मामला पुलिस जांच में स्पष्ट होगा। अभी तक परिजनों कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। बीते रात्रि नौबतपुर के चेसी गांव में किसी के जन्मदिन पार्टी के लिए जटहा को घर से बुलाया गया था और उसकी हत्या कर उसके शव को उसके गांव शेखपुरा में अपराधियों ने फेंक दि और फरार हो गाए। पुलिस हर बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक जांच कर रही है। लेकिन, समाचार प्रेषण तक यह घटना एक पहेली बनी हुई है।

# महारानी जानकी कुंवर स्टेडियम में नये क्लब कमिटी की हुई बैठक

**सुगौली, पू.चः.** स्थानीय महारानी जानकी कुंवर स्टेडियम सुगौली में विगत 24 सितंबर को क्लब की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष मनोज सहनी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से कमेटी एमजेके यूथ क्लब के नाम को बदल कर एमजेके क्लब रखा गया। साथ ही सर्वसम्मति से पूर्व की कमेटी का विस्तार करते हुए नए सिरे से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें पदेन अध्यक्ष स्थानीय थानाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज सहनी, उपाध्यक्ष परमात्मा सहनी, सचिव राजीव कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव पीयूष राज, संयुक्त सचिव सेतु कुमार, कोषाध्यक्ष नवल कुमार सहनी, सह कोषाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह मनोनीत किये गए।

# नेपाल में मधेस प्रांत के पूर्व वित्त मंत्री और सचिव समेत सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**राष्ट्रीय खबर**



**जनकपुर / नेपाल :** झलनाथ खनाल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज के सांप प्रजनन कार्यक्रम में भ्रष्टाचार के आरोप में प्राधिकरण के दुरुपयोग जांच आयोग ने मधेस प्रांत के पूर्व वित्त मंत्री और सचिव सहित सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अख्तियार ने जनता को नुकसान पहुंचाकर भ्रष्टाचार करने के आरोप में मधेस प्रांत के तत्कालीन आर्थिक कार्य एवं योजना मंत्री विजय कुमार, तत्कालीन सचिव प्रेम कुमार श्रेष्ठ और सलार्ही के लालबंदी नगर पालिका के तत्कालीन मेयर मन बहादुर खड़का के खिलाफ मामला दर्ज कराया है । इसी तरह अध्यक्ष रेवती प्रसाद पंत, महासचिव नवराज भंडारी, कोषाध्यक्ष नीरज भंडारी और सदस्य देवेन्द्र राय समेत फाउंडेशन के पदाधिकारियों को भी प्रतिवादी बनाया गया है। प्राधिकरण के प्रवक्ता भोला दहल ने बताया कि इनके खिलाफ 179.833 हजार रुपये का मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राधिकार के अभियोग में कहा गया है कि नेपाल सरकार से इस काम के लिए जो पैसा लिया गया था, उसका उपयोग करने के बजाय अन्यत्र निवेश कर उसका गबन कर लिया गया।

# मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित



**राष्ट्रीय खबर**

**सुगौली, पू.च :** नेहरू युवा केंद्र मोतिहारी के तत्वधान में नगर पंचायत में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन सुगौली वार्ड नं 02 में नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों में मो. जियाउर रहमान द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हर घर से मिट्टी और चावल डालकर वीरों का बंधना के लिए यह कार्यक्रम चलाया गाया। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों द्वारा किया गया। जिसमें मो. जियाउर रहमान,पार्षद प्रतिनिधि दीपक पासवान,विनोद पासवान,राजन कुमार पासवान,विशाल कुमार पासवान,आकाश पासवान, संजीव कुमार बैठा, पवन कुमार ठाकुर, सनोज ठाकुर, संदीप पटेल, मूनटून पटेल, गोलू कुमार, देवेंद्र कुमार बैठा, अरुण कुमार, श्याम शर्मा व अंजारुल हक, प्रकाश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नेपाल में नया नोट 29 अक्टूबर से होगा जारी

**काठमांडू :** नेपाल राष्ट्र बैंक ने घोषणा किया है कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर नए नोट जारी करने की प्रक्रिया 29 अक्टूबर से शुरू होगी। हमेशा की तरह इस साल भी राष्ट्र बैंक दशईं तिहार के लिए नए नोटों को बदलने की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। नेपाल राष्ट्र बैंक के मुताबिक प्रति व्यक्ति 18,500 रुपये की दर से नए नोट बदले जा सकते हैं। नए नोट नेशनल बैंक के मुख्य कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और बैंकों और वित्तीय संस्थानों के माध्यम से उपलब्ध होंगे। बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए नेशनल बैंक ने ग्राहकों की संख्या और संस्थानों की मांग के मुताबिक नए नोट उपलब्ध कराने की तैयारी की है ।

# संस्कार भारती की वार्षिक बैठक संपन्न, वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत

### क्रांति तीर्थ प्रतियोगिता एवं होली मिलन समारोह के आयोजन की समीक्षा, दिसम्बर में चम्पारण्य महोत्सव-2023

**अवधेश कुमार शर्मा**



**बेतिया, प. च.:** जिला की संस्था संस्कार भारती जिला इकाई की वार्षिक बैठक का आयोजन बेतिया-सिकटा मुख्य पथ पर अवस्थित भंगहा माई स्थान के पावन प्रांगण में सम्पन्न हुई। जिला इकाई के अध्यक्ष अखिलेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में उपर्युक्त बैठक की गयी। पिछले वित्तीय वर्ष का लेखा-जोखा मीडिया प्रभारी सह प्रभारी कोषाध्यक्ष पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा ने प्रस्तुत किया। गहन विचारोपरान्त एवं आंशिक सुझाव के साथ लेखा-जोखा को सर्वसम्मति से पारित हुआ। भारत सरकार की संस्कृति मंत्रालय, इंस्टिट्यूट ऑफ सोसल एन्ड कल्चरल स्टडीज तथा संस्कार भारती की बिहार इकाई द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित क्रांति तीर्थ प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं शानदार समापन के लिए कार्यक्रम के जिला संयोजक पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा को हार्दिक बधाई दी गयी। विदित हो की क्रांति तीर्थ प्रतियोगिता का संपूर्ण खर्च भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने वहन किया। जिला इकाई ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि चम्पारण्य महोत्सव-2023 का आयोजन 16 और 17 दिसंबर 2023 को किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों यथा-संचालन,सांस्कृतिक कार्यक्रम, वैचारिक एवं कवि गोष्ठी तथा विज्ञापन समिति का गठन भी किया गया। चम्पारण्य महोत्सव-2023 का आयोजन संचालन समिति की देख-देख में किया जाएगा।

# भारत-नेपाल सीमा के निकट संचालित निजी छात्रावास से 4 लड़कियां गायब



**राष्ट्रीय खबर**

**सोनबरसा / सीतामढ़ी :** बेला व सोनबरसा थाना के मध्य नेपाल सीमा से सटे मुजेलिया स्थित निजी छात्रावास आनंद मार्ग से चार लड़किया गायब है । एसपी ने जांच की है और सोनबरसा थानाध्यक्ष ने भी बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी है । लापता छात्राओं में तीन छात्राएं झारखंड की है जबकि एक सीतामढ़ी के बैरगनिया की रहने वाली है । आनंद मार्ग हॉस्टल से यह चार छात्राएं आखिर कहां गई इसको लेकर कई सारे सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक झारखंड प्रदेश के पूर्वी सिंहभूम जिले के मिजार्डीह निवासी कक्षा 9 की छात्रा गणेश मर्डी की 16 वर्ष के पुत्री सुहागी मर्डी, चौथी की छात्रा बुटका हेंब्रम की पुत्री बहमाई हेंब्रम, तीसरी की छात्रा मंगली हेंब्रम तथा बैरगनिया के डुमरबाना निवासी निवासी राजू पटेल की दूसरी में पढ़ाई करने वाली पुत्री रिया कुमारी लापता है। एक साथ चार छात्राओं के लापता होने के बाद पुलिस महकमें भी हड़कंप मचा है ।

# पहले पिता करते थे परायें का पिंडदान, अब पुत्र चंदन कर रहे हैं इस परंपरा का निर्वाह

### मणिपुर हिंसा में मारे गए लोगों का किया सामूहिक पिंडदान, फल्गु नदी के जल से किया तर्पण

**राष्ट्रीय खबर**

**गया :** इस दुनिया में लोग अपने लिए जीते हैं लेकिन मोक्ष धाम गया जी में एक ऐसे शख्स है, जो दूसरे को हित साधने के लिए लगा हुआ है। जिनका इस संसार में कोई नहीं है उनका यह शख्स आत्मा को शांति दिलाने के लिए प्रतिवर्ष मातृ नवमी के दिन पिंडदान करते हैं।स्थानीय सूर्यकुंड निवासी चंदन कुमार सिंह ने पितृपक्ष के अवसर पर पवित्र फल्गु नदी के देवघाट पर देश दुनिया में मारे गए एवं ज्ञात-अज्ञात लोगों का सामूहिक पिंडदान किया। पहले इनके पिता लगातार 13 वर्षों तक दूसरे को मोक्ष दिलाते थे।



अब उनके पुत्र चंदन,जिनका इस दुनिया में कोई नहीं है उनको मोक्ष दिलवा रहे हैं। उनके पिता सुरेश नारायण ने कहा था कि उनकी मौत के बाद वह अनजान लोगों के पिंडदान करें। इसलिए उनकी मौत के बाद आज वह आकर अपने पिता की अभिलाषा को पूरी किया। वे 9 वर्षों से ज्ञात लोगों का सामूहिक रूप से पिंडदान और तर्पण करते आ रहे हैं। चंदन ने कहा कि पिंडदान करने से मन को शांति व सुख की अनुभूति मिली। चंदन ने मणिपुर में जातिय हिंसा में जान गबाए सैकड़ो लोगों, उड़ीसा में ट्रिपल ट्रेन हादसे में मारे गए 275 लोगों, लद्दाख में सेवा की गाड़ी खाई में गिरने के दौरान जवानों की मौत, जम्मू कश्मीर और लद्दाख में सैनिकों की मौत, भारी बारिश में सैनिकों की मौत,तुर्की एवं श्रेया भूकंप में 28000 की मौत, नाइजीरिया से सटे विंग के फील्ड डिपो में लगी आग से दो बच्चों की दर्दनाक मौत, रूस और यूक्रेन के युद्ध में अब तक मारे गए हजारों सैनिकों के आत्मिक शांति के लिए लिए तर्पण किया। , कश्मीर में हुए आतंकी हमले मारे गए बिहारी मजदूर, दक्षिण कश्मीर के पुलवामा आतंकी हमले में सीआरपीएफ जवान की मौत आकाशीय बिजली गिरने से प्रदेश में लोगों की मौत, पाकिस्तान विनाशकारी बाढ़ में मारे गए लोग, कानपुर में सड़क दुर्घटना में मृत परिवार, लद्दाख के नदी में बस दुर्घटना में मौत, अमर सिंह के जवान की मौत सहित देश दुनिया में जाने अनजाने में मृत्यु, आतंकी हमले, दुर्घटना, अपराधिक गतिविधियों महामारी के दौरान हुई मौत एवं जाने- अनजाने में काल-कलवित लोगों के दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान विष्णु से प्रार्थना किया और पवित्र फल्गु नदी में तर्पण किया।

# जश्न ईद मिलादुन्नबी पर आयोजित की गई महफिल

### शायरों ने पेश किए कलाम व रसूल की शान में कसीदे

**राष्ट्रीय खबर**

जगदीशपुर/भोजपुर : बिशेनटोला मुहल्ला मे आशिकाने आला हजरत कमिटी के तरफ से मिलादुन नबी का प्रोग्राम रखा गया। जिसमें शायरों ने अपने-अपने अंदाज में रसूल की शान में कसीदे पढ़े। जिसमे सुबह कुरआन खानी एवं शाम मिलादुन नबी का प्रोग्राम रखा गया। इसमे सैकड़ों लोगों ने नबी-ए-पाक की सीरत का गुणगान किया। बड़ी मस्जिद के इमाम हाफि ज मोहम्मद रिजवान की अगुवाई मे मिलादुन नबी पढ़ा गया और हजरत मोहम्मद साहब की शान मे नाते पाक भी पढ़ा गया। प्रोग्राम की नकाबत पूर्व इमाम बड़ी मस्जिद जगदीशपुर के हाफि ज व कारी मोहम्मद एजाज अहमद ने किया। मिलादुन नबी के दौरान बड़ी संख्या मे बच्चे एवं बूढ़े लोगों ने भी हिस्सा लिया। आशिकाने आला हजरत कमिटी के अध्यक्ष नासीर अंसारी, सचिव अकबर अंसारी, उप सचिव अजहर अंसारी, खजांची सद्दाम अंसारी, शाहबाज अंसारी, सलाहकार मुहम्मद शाकीर अली, केमिकल अली, रिंकू अली, हैदर अली, मेम्बर तजामुल अंसारी, अंसारी कादिर, सलीम, मजहर, मुन्ना, सेराज, ताहिर, समीर, असफाक, सारुख, प्रिंस, और बिशेंटोला सारा परिवार मौजूद रहे।

# कई संगीन मामलों का आरोपी सहित 8 अन्य चढ़े पुलिस के हत्थे, जेल

**मझौलिया, प.च. :** बेतिया पुलिस अंतर्गत मझौलिया थाना पुलिस ने थानाक्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से राष्ट्रीय गौरव अपमान बाइक चोर पॉक्सो, एक्ट एवं मारपीट कर जानलेवा हमला आरोपी सहित कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंप दिया है। उपर्युक्त जानकारी एसएचओ अभय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि लालसरैया से राष्ट्रीय गौरव अपमान अधिनियम के आरोपी इम्तियाज आलम एवं गुरवलिया निवासी दो बाइक चोर एसपी साइन ब्लू कलर बिना नम्बर प्लेट की बाइक सहित शहजाद अंसारी एवं इंतजार शहीद आलम, पॉक्सो एक्ट आरोपी भोगाडी निवासी नाजीर आलम, मारपीट कर जानलेवा हमला के चार आरोपी जौकटिया निवासी राजेन्द्र मुखिया, बिपिन मुखिया, अवधेश मुखिया तथा रोहित मुखिया सभी आठो आरोपियों को मेडिकल जांचोपरांत न्यायालय को सौंप दिया गया है।

## बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सेवा भाव में जुटें

**गया:** नौरनौलिय अग्रवाल संघ के बैनर तले अन्नपूर्णा दाल मिल एवं पवन सिंथेटिक टिकारी रोड के सौजन्य से विष्णुपद मंदिर के समीप पितृपक्ष मेले में देश-विदेश से आने वाले पिंडदानियों के लिए सेवा शिविर में तीर्थयात्रियों के बीच निशुल्क शीतल जल, चाय और बिस्किट का वितरण किया जा रहा है। जिसमें समाज के बच्चे, युवक-युवतियां महिलाएं और बुजुर्ग पूरे कर्तव्य निष्ठा और निस्वार्थ भाव से तीर्थयात्रियों की सेवा भाव में जुटे है। शिविर में गरम-गरम चाय बनाकर तीर्थयात्रियों के बीच प्रतिदिन 5000 कप चाय बांटें जा रहे हैं। मौके पर पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि विगत 13 वर्षों से समाज के सहयोग से शिविर लगाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य है कि जो भी तीर्थयात्री गया जी आए है।वे यहां से गया की एक अच्छी छवि लेकर जाएं, जिसमें नारनौलिय अग्रवाल संघ का भी सहयोग मिल रहा है। तीर्थयात्रियों को अतिथि देवो भवः के तर्ज पर सेवा भावना से कार्य किया जा रहा है, जो सराहनीय है। गया की भूमि पावन भूमि है, जहां पितृपक्ष मेले में पूरे सेवाभाव से लोग लगे हुए हैं।

# आयोजन : 12 को पतिलार में होगा भाजपा का गरीब कल्याण सम्मेलन, तैयारी प्रारंभ

## गृह राज्य मंत्री के समक्ष तीन हजार से अधिक लोग लेंगे भाजपा की सदस्यता

### कार्यक्रम की सफलता के लिए भजपा नेता दीपक यादव का जनसंपर्क जारी

### स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता व समर्थकों में उत्साह

राष्ट्रीय खबर




**बगहा** : भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 12 अक्टूबर की शाम 3 बजे गरीब कल्याण सम्मेलन का आयोजन चौतरवा थाना क्षेत्र के पतिलार स्थित राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय पहुंचेंगे तथा कार्यक्रम का आयोजन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य दीपक यादव के द्वारा संचालित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार इस दौरान समाज के अलग-अलग वर्गों से आये तीन हजार से अधिक लोग भाजपा की सदस्यता लेकर केंद्र के मोदी सरकार की नीतियों के समर्थन में अपनी सहभागिता दिखाएंगे।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, महादलित एवं जरूरतमंद सवर्णों का विकास है।

बताते चले की गरीब कल्याण सम्मेलन की शुरूआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिसंबर 2016 में किया गया था। मगर योजना का असली लाभ कोरोना में देखा गया जब इस योजना के तहत देश के करीब 80 करोड़ गरीब जरूरतमंदो को राशन दिया गया। जिसकी मियाद लगातार बढ़ाई जा रही है। पिछले कैबिनेट ने अपने फैसले में कहा है कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को एक साल के लिए बढ़ाया जा रहा है और 31 दिसंबर 2023 तक लोगों को मुफ्त राशन मिलता रहेगा। इस योजना के 8 साल पूरे होने के बाद भाजपा द्वारा गरीब कल्याण सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 अक्टूबर को चौतरवा में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में भाजपा के राज्य व जिला स्तरीय नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिसको लेकर प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री यादव के दिशा-निर्देश में युद्ध स्तर पर कार्यक्रम की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक बेहद उत्साहित दिख रहे हैं।

## न्यूज फटाफट

### अनुमंडल कार्यालय के सामने पुलिस ने किया वाहन जांच, बाइकरों में दिखी अफरा-तफरी

**बगहा** : पुलिस जिला के पठखौली ओपी के एएसआई नरेश पासवान के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने शनिवार की शाम वाहन जांच शुरू कर दिया। जिससे बिना हेलमेट, वैध कागजात व ट्रिपल सवार बाइक सवारों में अफरा - तफरी मच गई। बाइक सवार जांच को देख दुर से ही वापस लौटते नजर आये। इस दौरान बगहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार देवेंद्र जांच स्थल पर पहुंच कर पुलिस कर्मियों को जांच संबंधित दिशानिर्देश देते नजर आए। एसडीपीओ ने पुलिस कर्मियों से सभी बाइक सवारों को रोक सख्ती से जांच व ट्रिपल सवारों, बिना हेलमेट बाइक चला रहे लोगों से नियमानुसार जुमार्ना वसुलने की बात कही।

### आठ लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बना एक ही नम्बर से राशि गबन

**बेतिया/लौरिया, प च.:** राष्ट्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार ने आठ लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाकर एक ही खाता से राशि की निकासी कर लिया है। यह अब तक की सबसे सबसे भ्रष्ट सरकार है। मोदी सरकार बाबा साहब के संविधान को मिटा देना चाहती है। उपर्युक्त विचार बिहार सरकार में अनुसूचित जाति जन जाति कल्याण मंत्री रत्नेश सदा ने व्यक्त किया। बिहार सरकार के मंत्री ने लौरिया नगर पंचायत के पटहेरनी टोला में एक सम्मान सभा को सम्बोधित करते हुए उपर्युक्त विचार आमजन के समक्ष प्रकट किया। उन्होंने बताया कि अगला चुनाव दलित महादलित और मनुवाद के बीच होने वाला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयु प्रखंड अध्यक्ष विक्रम शर्मा ने किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये जदयु जिलाध्यक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी अब तक के सबसे भ्रष्ट नेता हैं। वे कहते कुछ और करते कुछ और हैं। अनुसूचित जाति जनजाति के लौरिया प्रखंड अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में मंत्री को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर नन्द किशोर चौधरी, देवनारायण राम, राजेश्वर बैठा, सुरेश गुप्ता, जयप्रकाश राम, अरुण राम, वकील मिया, अशोक राम ने विचार व्यक्त किया। जिला के विभिन्न प्रखण्डो से तालिमी मरकज, टोला सेवक और विकास मित्र भी उपस्थित रहे। उपर्युक्त कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन अलखदेव पासवान ने किया।

### समर्पित भाव से तीर्थयात्रियों की सेवा में जुटें हैं ब्रह्मषि समाज, बाटें चाय- बिस्किट

**गया:** इन दिनों गया जी में तीर्थयात्रियों का जमघट लगा हुआ हैं। जो मेला क्षेत्र के विभिन्न पिंडवेदियों पर अपने पितरों की मुक्ति की कामना को लेकर गया श्राद्ध के तहत पिंडदान व तर्पण के कर्मकांडों को पूरा कर रहे हैं। इन तीर्थयात्रियों की सेवा में विभिन्न स्वयंसेवी संगठन जुटे हैं। जो अपनी श्रद्धा और शक्ति के अनुसार पिंडदानियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। इसी क्रम में सीताकुंड में राष्ट्रीय ब्रह्मर्षि सेवा संस्थान के बैनर तले पिंडदानियों की सेवा के शिविर का संचालन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से संस्थान के सदस्य पिंडदानियों को शुद्ध पेयजल, चाय व बिस्किट मुहैया करा रहे हैं। इस पुनीत कार्य में संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, राष्ट्रीय सचिव महेश शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, कांग्रेस नेता सह समाजसेवी रजनीश कुमार झून्ना, डॉ. राजीव कुमार निराला, धनंजय शर्मा, राधेकांत शर्मा, मनोहर शर्मा, रंगनाथ दिवाकर सहित अन्य अनवरत रुप से जुटे हैं। मौके पर राजेश कुमार झुन्ना ने बताया कि मानव सेवा को सर्वोपरि मानकर अतिथि देवो भवः के तर्ज पर तीर्थ यात्रियों की सेवा की जा रही है।

### पूर्व लोजपा सुप्रीमों के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**केसठ (बक्सर)** : प्रखंड मुख्यालय पर लोक जन शक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओ ने लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक व पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान की तृतीय पुण्य तिथि मनाई गई। जहां कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं जिला युवा महासचिव जितेंद्र पासवान ने कहा कि रामविलास पासवान एक जमीनी स्तर के नेता थे जो सभी जाति धर्म के लोगो को समान रूप से देखते थे। प्रखंड अध्यक्ष छोटेलाल पासवान ने कहा कि वे जन जन के नेता थे। छात्र प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार पासवान ने कहा कि वह सभी जाति धर्म और समाज को लेकर चलने वाले नेता थे। आईटी सेल अध्यक्ष अंकित पासवान ने कहा की उनके विचारों पर हम लोगों को अमल करना चाहिए। सभा में उपस्थित लोगों को लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकताओं ने स्वर्गीय राम विलास पासवान के विचारों पर चलने के लिए जागरूक किए। वही प्रखंड के स्थानीय रामपुर में लोजपा कार्यकर्ता ने दलित बच्चो को पढ़ाई करने के लिए दर्जनों बच्चो को कलम और कापी का वितरण किया गया।वही बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक किया गया।इस मौके पर अजय पासवान, मनु पासवान, योगेंद्र पासवान,सतेंद्र व्यास, राहुल पासवान, पंकज पासवान, समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का आयोजन

**सासाराम (रोहतास) :** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रीय महासभा का प्रखंड स्तरीय बैठक एक सभागार में हुई। जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश सिंह चंद्रवंशी ने की। मौके पर जिला प्रभारी प्रेम प्रकाश सिंह चंद्रवंशी सहयोग और मीडिया प्रभारी मंटू कुमार चंद्रवंशी सत्यनारायण चंद्रवंशी, गोरख चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी, ध्रुव चंद्रवंशी सहित अन्य अतिथियों को फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। इस सभा में प्रखंडो के सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं युवा साथी सम्मिलित हुए आए उन सभी को सह्रदय फूल माला से सम्मानित किया गया। आए हुए सभी अतिथि चक्रवर्ती मगध सम्राट जरासंध जी चरणों में फूलमाला अर्पित करके उनके आशीर्वाद ग्रहण किये। इस सभा का मुख्य उद्देश्य रहा संगठन का विस्तार, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक स्थितियों में सुधार और विकास करने पर जोर दिया गया सभी सदस्यों ने एक जुट रहकर एक साथ चलने का निर्णय लिये और चंद्रवंशी समाज को ऊपर उठने के लिए अपना संपूर्ण योगदान देने के लिए तत्पर रहने का वादा किये। सभा में उपस्थित होने वाले सदस्य नोखा प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष शंभू सिंह चंद्रवंशी शिव सागर प्रखंड अध्यक्ष चंदन चंद्रवंशी करहगर प्रखंड अध्यक्ष अनूप कुमार चंद्रवंशी अकोढ़ीगोला प्रखंड अध्यक्ष जयकुमार चंद्रवंशी नौहट्टा प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन चंद्रवंशी रोहतास प्रखंड अध्यक्ष राजेश चंद्रवंशी तिलौथू प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश कुमार चंद्रवंशी डेहरी प्रखंड प्रखंड अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, राजपुर प्रखंड अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, दिनारा प्रखंड अध्यक्ष दीपक चंद्रवंशी, मनोज कुमार चंद्रवंशी,अशोक कुमार चंद्रवंशी, पुन्नू चंद्रवंशी सहित अन्य लोगों ने जय हिंद जय भारत, जय जरासंध व जय चंद्रवंशी समाज के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### अरेराज प्रखंड युवा जदयू की बैठक संपन्न

**अरेराज पू च :** जदयू कार्यालय कपूर्री सभागार में अरेराज प्रखंड युवा जदयू की एक बैठक प्रखंड युवा जदयू के अध्यक्ष रामबाबू पटेल की अध्यक्षता में हुई। जिसका सफल संचालन जिला युवा जदयू के उपाध्यक्ष मनीष पांडेय ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला युवा जदयू के अध्यक्ष कुणाल सिंह पटेल एवं प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल ने मुख्यमंत्री के बेहतर व कल्याणकारी योजनाओं को गिनाया। उन्होंने पार्टी संगठन का विस्तार करते हुए अरेराज निवासी रामबाबू पटेल को प्रखंड युवा अध्यक्ष नियुक्त कर पंचायतों में संगठन मजबूत करने की नसीहत दी। मौके पर प्रखंड जदयू के अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, युवा जदयू नेता दिपेश कुमार तिवारी, बब्लू कुमार, अमित कुमार, प्रमोद कुमार पंडित, शुभम कुमार तिवारी, रितिक जायसवाल, सत्यम कुमार, मनीष पटेल, प्रिंस कुमार उर्फ गोलू दास सहित अन्य उपस्थित थे।

# बधाई गाकर लौट रहे पवरिया के साथ मारपीट, एंबुलेंस के अभाव में ठेला पर गया हास्पीटल

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** बधाई गाकर लौट रहे पवरिया के साथ पहले अज्ञात लोगों ने मारपीट की और गंभीर रूप में जख्मी कर गंडक नदी के तट पर छोड़ दिया। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया।लेकिन यहां भी उसे समुचित व्यवस्था नहीं मिली। गंभीर रूप से जख्मी शाहिद पवरिया के परिजन घंटो अस्पताल में एंबुलेंस के लिए गिड़गिड़ाते रहे पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से उन्हें एंबुलेंस नहीं दिया गया। तब थक हार कर परिजनों ने ठेला से उसे इलाज के लिए ले गये। मामला रविवार की सुबह करीब 10 बजे की है। नगर के पवरिया टोला निवासी शाहिद पवरिया के पुत्र ने बताया कि उसके पिता बधाई गाने के लिए वार्ड 35 की तरफ गए हुए थे। बधाई गाकर लौट रहे थे ।तभी दीनदयाल नगर घाट के पास कुछ अज्ञात लोगों ने उनके साथ मारपीट कर बधाई में मिले सभी सामानों को छीन लिया। एवं उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर नदी के तट पर छोड़ दिया गया। स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। तब जाकर उन्हें सूचना मिली। जख्मी शाहिद पवरिया के पुत्र नाथू पवरिया का कहना है कि चिकित्सक डाक्टर एसपी अग्रवाल के द्वारा उनका इलाज किया गया। पैर में गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सा के द्वारा एक्स रे की सलाह दी गई।लेकिन अस्पताल का एक्स रे खराब पड़ा हुआ है। ऐसे में एक्स रे के लिए बाहर जाना था। जिसको लेकर परिजन एंबुलेंस कर्मी से एंबुलेंस की मांग कर रहे थे।लेकिन एंबुलेंस कर्मी उन्हें एंबुलेंस नहीं दिया। थक हार कर परिजन ठेला पर लेकर उन्हें एक्सरे के लिए बाहर के एक्सरे घर गए। हालांकि इस बावत अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डा.केबीएन सिंह का कहना था कि एंबुलेंस के एमटी के द्वारा उन्हें एंबुलेंस दिया जा रहा था । पर परिजन एंबुलेंस नहीं लिए और ठेला बुलाकर चले गए।

# परीक्षा रद्द होने की सूचना नहीं मिलने पर जमकर हंगामा



राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर** : शहर के मिठनपुरा इलाके में स्थित एमडीडीएम कॉलेज में छात्राओं ने अचानक परीक्षा रद्द होने को लेकर जमकर हंगामा किया। वही, छात्राओं द्वारा बताया गया कि जब परीक्षा रद्द कर दी गई है। तो इसकी जानकारी उन्हें पहले ही दी जानी चाहिए थी। इस संदर्भ में शिक्षकों से पूछे जाने पर उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया और जब परीक्षा देने पहुंची तो उन्हें लौटाया जा रहा है। इसके बाद छात्राएं भड़क उठीं, एमडीडीएम कॉलेज के सामने सड़क जामकर हंगामा किया। सूत्रो के मुताबिक बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति समेत चार पदाधिकारियों पर मुकदमा करने के विरोध में विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में सभी परीक्षाएं व कक्षाएं ठप कर दी गई हैं। वही, बिते दिन शनिवार को मिठनपुरा स्थित महंत दर्शन दास महिला महाविद्यालय में छात्राएं गृह विज्ञान के तहत म्यूजिक का पेपर देने पहुंची थी। परीक्षा स्थगित होने का नोटिस देख छात्राओं ने जमकर बवाल किया।

# बजरंग दल का शौर्य जागरण यात्रा का समापन

## वर्षों की प्रयास व बलिदान के फलस्वरुप राम जन्मभूमि पर बना भव्य मंदिर

राष्ट्रीय खबर




**बेतिया प.च.:** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का तीन दिवसीय शौर्य जागरण यात्रा विभिन्न प्रखंड, पंचायत में लोगों को श्रीराम रथ में विराजमान भगवान राम का दर्शन करा कर शुक्रवार की शाम रामरथराज ड्योढी (राज देवड़ी) सरस्वती बालिका विद्या मंदिर पहुंचा। जहां प्रतीक्षा कर रहे दर्जनों पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने श्रीराम रथ यात्रा में शामिल लोगों का भव्य स्वागत एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से गया। जहां मुख्य रूप से विहिप के जिला अध्यक्ष नीरज सोनी, जिला मंत्री रमन गुप्ता, जिला संरक्षण विनय कुमार, जिला कोषाध्यक्ष सुजीत सोनी, जिला कार्याध्यक्ष दीपक वर्मा, मंत्री जितेंद्र श्रीवास्तव, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुशील कुमार, मुन्ना मेजर, विधि प्रकोष्ठ के संयोजक राजेश गुप्ता, बजरंग दल के जिला संयोजक सोनू कुमार मौजूद थे।इस दौरान मंचासीन जिला संरक्षक विनय कुमार ने बताया कि 500 वर्षों की अथक प्रयास और राम भक्तों के बलिदान के फलस्वरुप राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ। जिलाध्यक्ष नीरज सोनी ने बताया कि शौर्य जागरण यात्रा से हम बहुत कुछ सीखे हैं। योजनाओं में काफी मददगार सिद्ध होगा। बजरंग दल के सोनू कुमार ने बताया कि हम धन्य है की हम रामलला का मंदिर का दर्शन कर पाएंगे। मुन्ना मेजर ने बताया कि हम खुश नसीब है कि हमें शौर्य जागरण यात्रा में जाने का अवसर मिला। हम सभी वीर बजरंगियों और सहयोगियों को धन्यवाद दिया। पिछले तीन दिनों से लग कर यह ईश्वरीय कार्य शौर्य जागरण यात्रा को सफल बनाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा, अरविंद गुप्ता, धनंजय शर्मा, विजय चौधरी, आयुष वर्णवाल , निगम पार्षद अमर यादव, विवेक कुमार दीपक पटेल, कार्यकताओं की अहम भूमिका रही।

# 09-16 अक्टूबर तक दावा/आपत्ति दर्ज कर सकते हैं अभ्यर्थी

## निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, प. चं.:** पश्चिम चम्पारण जिला के बेतिया पुलिस अंतर्गत गृहरक्षकों की बहाली को लेकर कई बार बवाल होता रहा। जिसको लेकर विज्ञापन संख्या 02/11 अंतर्गत दिनांक 26 सितम्बर 2023 को बेतिया जिला अंतर्गत गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन की अंतिम मेधा सूची प्रकाशित की जा चुकी है, परंतु कतिपय अभ्यर्थियों के द्वारा लिखित आपत्ति दर्ज कराया जा रहा है, कि उनके नाम नही है।

वैसे अभ्यर्थी जो अंतिम मेधा सूची के संबंध में अपना दावा / आपत्ति दर्ज कराना चाहते हैं, ये दिनांक 09.10.2023 से 16.10.2023 तक जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण के कार्यालय में अपना दावा / आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

## कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर मॉडल अस्पताल का हो रहा है निर्माण

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/पिपरासी:** पिपरासी पंचायत के मॉडल अस्पताल के नव निर्माण पर बगहा न्यायालय के द्वारा 14 सितंबर 2023 को रोक लगा दिया गया है। फिर भी झारखंड के संवेदक मां विंध्यवासिनी कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि के द्वारा कोर्ट के आदेश को खूंटी में टांग दिया है। और निर्माण कार्य जारी है। पीड़ित रविंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि माडल अस्पताल के आधा भूमि एक कठ्ठा 19 धुर पर स्टे मिला है। और आधा भूमि मेरे सगे भाई मकसुदन तिवारी के हिस्सा की भूमि एक कठ्ठा 19 धुर पर स्टे नहीं मिला है। इसपर पीएम आवास योजना के तहत मकान के नींव का निर्माण हुआ है। और मेरे पट्टीदार देवेन्द्र, हरेंद्र आदि का भूमि इस भूमि के बगल में तीन कठ्ठा 19 धुर है। मेरा और मेरे पटीदार का बगीचा वाली भूमि मिलाकर पांच कठ्ठा 19 धुर पर कोर्ट ने स्टे दिया है। और इसकी अगली सुनवाई नौ नंबर को है। तब-तब कोई निर्माण नहीं करने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश की अवहेलना विभागीय अभियंता व संवेदक के प्रतिनिधि के द्वारा उड़ाई जा रही है। और निर्माण कार्य शुरू है ।

# अतिथियों का स्वागत के साथ दो दिवसीय सुगौली महोत्सव संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.चः** नगर के विशुनपुरवा रोड स्थित राजा साह राम ज्योति साह देवी विवाह भवन में रविवार को सुगौली महोत्सव आयोजित की गई। कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन आयोजक व कमिटि के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंम्भ एसएसबी उप कमांडेंट दिनेश ममोत्रा, हेड कांस्टेबल आनंद सिन्हा, डॉ. हेना चंद्रा, डॉ. कुमकुम सिन्हा, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार, उप चेयरमैन पति विकास शर्मा, सपना शर्मा, चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, जितेन्द्र तिवारी, अनिकेत पांडे, अभिषेक पांडे, डॉ. आर वी सोनी, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सोना लाल सहनी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यकम का शुभारंभ किया। विभिन्न विधालयों के छात्र और छात्राओं ने रंगोली, ड्रॉइंग, सांस्कृतिक नृत्य का बच्चे व बच्चियों ने दर्शकों के बीच अपने कला को बिखेरा और लोगों का मन मोह लिया। विभिन्न कार्यक्रमो में चयनित प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। रंगोली में अनन्याश्री को प्रथम, सरोज को द्वितीय, शिफा और कृति को तृतीय पुरस्कार दिया गया। पेंटिंग में प्रवीण मिश्रा को पहला, अंकित को दूसरा और श्वेता, आकाश और शालू को तृतीय पुरस्कार दिया गया। भाषण प्रतियोगिता में ऋषभ मिश्रा को प्रथम, हीरा कुमारी और सौम्या राज को द्वितीय और अंकित राज को तीसरा पुरस्कार मिला। संगीत में लक्ष्मी कुमारी प्रथम, अनमोल अग्रवाल द्वितीय और रिशु झा ने तृतीय पुरस्कार, वही डांस में प्रतिज्ञा कुमारी और ईशा कुमारी ने प्रथम पुरस्कार जीता, कृतिका कुमारी और कोमल कुमारी ने दूसरा पुरस्कार जीता तो सपना कुमारी और अन्यया कुमारी ने तीसरा पुरस्कार जीता। कार्यक्रम में गणमान्य लोगों के अलावा महिला-पुरुष छात्र -छात्राएं और सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए।

# नुकसान : पोखर में घुसकर मगरमच्छ ने गटका लाखों रुपये की मछलियां

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** प्रखंड के सुभाष नगर स्थित एक पोखर से एक मगरमच्छ को मछुआरों द्वारा निकाला गया। जानकारी के मुताबिक सुभाष नगर निवासी छेदीलाल प्रसाद के पोखर में लगभग दो हफ्ते पहले एक मगरमच्छ घुस गया था। जो लाखों की रुपए मूल्य की मछलियों को खाया गया। पोखरा स्वामी द्वारा एक सप्ताह पूर्व निजी खर्चे पर मछुआरों से मगरमच्छ को निकालने का प्रयास किया गया था। लेकिन मगरमच्छ पकड़ से बाहर रहा और पोखरा स्वामी को लाखों की आर्थिक नुकसान उठानी पड़ी थी। वहीं दूसरा प्रयास रविवार को किया गया। जिसमें मगरमच्छ मछुआरों के जाल में फंस गया और उसे सुरक्षित पोखरा से बाहर निकल गया। किसान छेदीलाल प्रसाद ने बताया कि पकड़े गए मगरमच्छ को वन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है । वहीं उन्होंने कहा कि बड़ी विडंबना है कि जंगली जानवर रिहायसी क्षेत्र में घुसकर किसानों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, और वन विभाग मूकदर्शक बन तमासा देख रहा है। सबसे बदतर स्थिति तो यह है कि निजी खर्चे पर पोखरा या अन्य जगहों से मगरमच्छों को किसानों द्वारा निकलवाया जा रहा है और आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है ।



# दिव्यांग भाई बहन को आस, मीडिया का प्रयास, कहीं संवर जाए किस्मत ...

बबलू कुमार पटेल

**मझौलिया, प.च.:** प्रखंड क्षेत्र के माधोपुर पंचायत के मलाही टोला वार्ड नम्बर 5 में अर्जुन सहनी का एक 10 वर्षीय पुत्र अरविंद जो दोनों आंखों से देख नही सकता है। दोनों आंखों पर मोटी चमड़ी जमी हुई है। उसकी एक बहन भी है, जिसकी एक आंख से ही दिखाई देता है यह दोनों बच्चे बचपन से ही विकलांग है। उनके पिता दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी करते है। ये बहुत ही गरीब परिवार से आते है, इनको ना राशन मिलता है और ना ही पेंशन। उनका और इनके परिजनों का कहना है कि कई बार आवेदन भी दिया गया, लेकिन कोई सुविधा नहीं मिल पाया है। सरकार और प्रशासन से ये गरीब परिवार गुहार लगा रहे है। हमलोगों को मदद मिले। दोनों आंखों से दिव्यांग लड़का पढ़ना चाहता है और पढ़ के कुछ बनना चाहता है। जिला के संवेदनशील जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय से उन दोनो दिव्यांग भाई बहन को काफी उम्मीद है। जिससे उनके भविष्य उज्ज्वल हो जाएं।



# तरूअनवा में हुआ स्वामीनाथन महिला स्वयं सुरक्षा का गठन



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** प्रखंड बगहा-2 के देवरिया तरुअनवा पंचायत भवन मे शनिवार को स्वामीनाथन महिला स्वयं सुरक्षा समुह को विस्तृत करने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार ओजहिया ने किया। बैठक में शामिल सहायक तकनीकी प्रबंधक सह प्रखंड उद्यान पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र से दुर वनवर्ती इलाकों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत भवन में बैठक आयोजित कर स्वामीनाथन महिला स्वयं सुरक्षा का गठन किया गया। जिसमे 25 महिलाओं को जोडकर एक समुह बनाया गया। इसकी अध्यक्ष गायत्री देवी, संचिव भगवंती देवी,कोषाध्यक्ष अनिता देवता देवी को महिलाओं ने सर्वसम्मति से चुना। स्वामीनाथन महिला स्वयं सुरक्षा के सहायक तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि इच्छुक महिलाओं को मशरूम एवं मधुमक्खी पालन का ट्रेनिंग दिया जाएगा। जिससे महिलाएं निपुण हो और उनके उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव मदद की जायेगी। प्रशिक्षण के उपरांत महिलाएं मशरूम की खेती करेगी व मधु मक्खी पालन करेगी जिससे उनका विकास होगा। देवरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि महिलाओं के लिए यह योजना काफी बेहतर साबित होगा। जो पंचायत के महिलाओं को स्वावलंबी बनाएगा।

इस दौरान बैठक में पंचायत के उप सरपंच हरिनारायण महतो, पूर्व सरपंच नंदकिशोर महतो, योगेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र पटवारी, हेमंती देवी, चन्द्रप्रभा देवी, अनीता देवी, गायत्री देवी, सरिता देवी, मंजू देवी, देमावंती देवी सहित दर्जनों महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

## जलजमाव से परेशान ऑटो चालकों ने किया सड़क पर प्रदर्शन

**घोड़ासहन पू चं :** सड़क के लिए सड़क पर उतरे ऑटो चालक, सड़क नहीं तो वोट नहीं का लगाया नारा। मामला प्रखंड क्षेत्र के खुरहिया गांव का है। जहां घोड़ासहन से भेलवा होकर चिरैया जाने वाली सड़क खुरहिया गांव में हमेशा जलजमाव होने के कारण बद से भी बदतर स्थिति में है। हमेशा सड़क पर जलजमाव रहने के कारण सड़क की स्थिति इतना खराब है कि राहगीर कौन कहे अब इससे नाराज ऑटो चालक भी सड़क पर उतर गए हैं। रविवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी ऑटो चालकों के द्वारा कदमवा व पुरनहिया पंचायत की सीमा रेखा के पास अवस्थित खुरहिया गांव के पास सड़क जाम कर जमकर नारेबाजी की। घंटो चले जाम में ऑटो चालकों द्वारा प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ बोलते सड़क नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाया गया। ऑटो चालकों ने बताया कि सड़क की दशा ऐसी है कि जान जोखिम में डालकर सवारी बैठाना पड़ता है।

# एसएसबी द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का रक्सौल में हुआ आयोजन



**देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर-सपूतों को याद करना है कार्यक्रम का उद्देश्य : कमांडेंट**

राष्ट्रीय खबर

**रक्सौल, पू.चं. :** सशस्त्र सीमा बल 47 वी वाहनी द्वारा प्रखंड कार्यालय के सभागार में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 47वीं वाहिनी कमांडेंट विकास कुमार के नेतृत्व में रक्सौल प्रखण्ड के विभिन्न गावों से एकत्रित कर लाई गई मिट्टी के मिश्रण से अमृत कलश तैयार करने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रविकान्त सिन्हा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जय प्रकाश, सब पोस्ट मास्टर अजय कुमार, नेहरू युवा केन्द्र से राघव कुमार, सहित चंद्र शील विद्यालय के शिक्षक व छात्र सहित अन्य कई लोगो ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कमांडेंट श्री कुमार ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीर-शहीदों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिये अपना जीवन बलिदान कर दिया। कमांडेंट श्री कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान देश के वीर-शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की गई।

## मुन्ना सम्राट बने राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव, मिल रही बधाइयां



राष्ट्रीय खबर

**आरा :** राजद पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद विधार्थी के द्वारा मुन्ना प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सम्राट को राष्ट्रीय जनता दल पंचायती राज प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव मनोनित किया गया। जिसके बाद श्री सम्राट ने कहा कि राजद को मजबूत करना और पंचायत के समस्या से जूझ रहे आम जनमानस के आवाज बनकर जनता के प्रति हमेशा मजबूत स्तंभ बनकर खड़ा रहूंगा। मनोनयन के बाद उन्हें बधाई देने वालों में साधु यादव, गढ़हनी जीप सदस्य कविता यादव, प्रवक्ता नीरज राय, पंचायत समिति हरेंद्र यादव, राजद नेता भिखारी राम, यूवा राजद के मुन्ना यादव, अरुण कुमार, रविंद्र यादव, पप्पू सम्राट, लालू सम्राट, जयराम, विराट मोनू सहित अन्य शामिल थे।

# कार्रवाई : 14.3 किलो गांजा सहित यूपी पुलिस ने दो युवतियों को दबोचा

## पनियहवा में हुई गिरफ्तारी, भितहां की निकली युवती

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती कुशीनगर जिला अंतर्गत खड्डा थाना क्षेत्र से रविवार की दोपहर दो युवतियों को 14.3 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ यूपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आई दो युवतियों में से एक बगहा पुलिस जिला अंतर्गत भीतहां थाना क्षेत्र की मल्हाई गांव निवासी है।उक्त मामले में सीमावर्ती कुशीनगर एसपी धवल जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की अवैध मादक पदार्थ की बिक्री एवं परिवहन हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय रितेश कुमार सिंह के दिशानिर्देश के आलोक में खड्डा थाना प्रभारी संदीप कुमार वर्मा तथा प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह के नेतृत्व में थाना की पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर बहग्राम पनिहवा घाट तिराहा से रुबी उर्फ ललिता 19 वर्ष पिता सिकन्दर चौधरी साकिन मल्हाई टोला थाना भितहा जिला पश्चिमी चम्पारण व छोटी यादव उर्फ सरिता 18 वर्ष पिता लल्लन प्रजापित उर्फ उमेश प्रजापति साकिन पडरी थाना पडरौना जिला कुशीनगर के पास मौजूद सूटकेश में 14.300 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मामले में खड्डा थाना कांड संख्या-412/23 अंकित कर दोनों युवतियों को न्यायालय भेज दिया गया।




## डुबने से एक वृद्ध की मौत, परिजनों में कोहराम, गांव में छाया सन्नाटा

**बेतिया, प.च.:** जिला के बेतिया पुलिस अंतर्गत नौतन थाना क्षेत्र के शिवराजपुर छरकी गांव में शनिवार की संध्या पानी में डूबने के कारण एक वृद्ध की मौत हो गई है। मृत व्यक्ति वार्ड नंबर बारह निवासी सहदेव राम (60 वर्षीय) वर्ष बताए गए हैं। परिजनों ने बताया कि वे घर से उतर बांध की तरफ शनिवार की संध्या में शौच के लिए निकले, उसी क्रम में अचानक पैर फिसलने के कारण गहरे पानी में डूब गए। रात भर परिजनों ने काफी खोजबीन किया, परंतु वे नहीं मिले। सुबह डुबकर मरने की सुचना ग्रामीणों ने परिजनों को दी। सरपंच महमूद आलम ने बताया कि इसकी सूचना प्रशासन को दें दी गई है। मृत सहदेव राम के तीन पुत्र और दो पुत्रियां है। पुत्र दुसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी करते हैं।

# दहेज हत्या में सास व ससुर गिरफ्तार, मोबाइल लूट मामले में पुलिस ने दो को दबोचा

**विवाहिता की रस्सी से गला घोटकर कर दिया गया था हत्या**

**एसडीपीओ ने प्रेस वार्ता कर तीन कांड का किया खुलासा**

राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर/भोजपुर :** अनुमंडल के तीन थाना क्षेत्र की पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर दहेज हत्या, मोबाइल लूट और शराब मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से एक देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, छह मोबाइल,एक मोटरसाइकिल और एक कार बरामद किया गया है। जबकि 289.800 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया।एसपी प्रमोद कुमार के निर्देश पर जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने रविवार को धनगाई थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। बीते शनिवार की दोपहर धनगाई थाना क्षेत्र के खैरहां गांव में एक विवाहिता की रस्सी से गला घोट कर हत्या करने के मामले में विवाहिता के पिता जगदीशपुर थाना क्षेत्र ईश्वर सिंह के टोला निवासी जितेंद्र सिंह के बयान पर सास, ससुर व देवर समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। इस मामले में एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन थानाध्यक्ष नीतू प्रिया ने सशस्त्र बलों के साथ छापेमारी कर खैरहां गांव निवासी ससुर राम सकल सिंह व सास सुमांती देवी को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ ने कांड का खुलासा करते हुए कहा कि खैरहा गांव निवासी मृत्युंजय सिंह की 25 वर्षीया पत्नी काजल कुमारी को ससुराल वालों ने दहेज के लिए गला घोटकर हत्या कर दी। विवाहिता के पिता के बयान पर एफआईआर दर्ज किया गया था। मामले में सास व ससुर को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही घटना में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

बताया जाता है कि काजल की शादी 11 फरवरी 2021 को खैरहां गांव निवासी रामसकल सिंह के पुत्र मृत्युंजय सिंह के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसके पति, सास और ननद की ओर से दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। मामले में मृतिका के पिता ने कहा कि बेटी के ससुराल वालों ने जगदीशपुर में जमीन खरीदने और स्नातक पास होने पर स्कॉलरशिप में मिले पैसे की मांग कर रहे थे। उसके लिए बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल द्वारा बराबर कहा जा रहा था कि मायके में ही रहा करो। आयर थाना क्षेत्र भेड़री पुल (बनास नदी) के समीप से मोबाइल छीनकर भागने के बाद पुलिस चेकिंग के दौरान ईचरी गांव से पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, छह मोबाइल,एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में गड़हनी थाना क्षेत्र रतनाढ़ गांव निवासी अरुण सिंह के पुत्र प्रशांत कुमार व परमानंद के पुत्र मोती कुमार शामिल है। डीएसपी ने बताया कि शनिवार की शाम दोनो बदमाश मोबाइल छीनकर भाग रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर एक टीम का गठन कर छापामारी के दौरान दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। शाहपुर थाना पुलिस ने कुहिया नदी बांगर के समीप गुप्त सूचना पर छापेमारी कर कार सहित 289.800 लीटर शराब बरामद किया है। हालांकि शराब तस्कर भागने में सफल रहे। एसडीपीओ ने जानकारी देते हुए कहा कि कुहिया नदी बांगर के समीप से शराब का खेप जाने वाला था। इसी बीच पुलिस को सूचना मिलते ही छापेमारी किया गया जिसमें दो तस्कर भागने में सफल रहे। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक कार से रांयल स्टेज और ब्लेंडर प्राईज के शराब 1140 बोतल बरामद किया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अभियुक्तों केगिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



# न्यूज फटाफट

## नौबतपुर में कुख्यात की गोली मार कर हत्या, खेत से शव बरामद

**पटना:** जिला के नौबतपुर थाना के शेखपुरा का रहने वाला कुख्यात अपराधी जटा सिंह उर्फ. जटहा उर्फ. काला नाग उर्फ शत्रुधन कुमार की हत्या विगत शनिवार की रात चेसी गांव में गोली मार कर दी गई है। देर रात पुलिस शव की खोजबीन करती रही, लेकिन शव के पता नहीं चल सका। नौबतपुर थाना पुलिस को रविवार की सुबह जटा सिंह का शव चेसी गांव के पास बधार में मिला है। वहीं से से एक सफेद रंग की एसयूवी कार भी बरामद की गई है। कार के अंदर खून के छींटे दिखे। चेसी में जटा सिंह गिरोह के कई साथी, तो कई विरोधी भी बताए गए हैं। जटहा पर नौबतपुर में हत्या, रंगदारी, गोलीबारी के दर्जनों मामले दर्ज है। बिहटा, बिक्रम, दुल्हिन बाजार के कई अपराधिक घटनाओं में उसकी संलिप्तता बताई गई है। जटहा पुलिस पर गोलीबारी करने से बाज नहीं आता रहा। यही जटा एक बार दुल्हिन बाजार में रेड के दौरान पुलिस पर गोलीबारी किया, जिसमें डीएसपी बाल - बाल बचे बताए गए हैं। कुख्यात का डायलॉग 'जटा के हाथ में जब तक है कट्टा' तब तक कोई हाथ नहीं लगाएगा। पुलिस ने जब जटहा को गिरफ़्तार किया था, तब दोनाली पिस्टल और अत्याधुनिक पिस्टल बरामद किया था। जटहा सुपारी लेकर लोगों की हत्या करता रहा। नौबतपुर बाजार के कारोबारियों में जटहा का भय व्याप्त रहा, हाल ही में एक होटल में खाने के दौरान गोलीबारी कर दिया। इन दिनों जमीन कारोबारियों से रंगदारी वसूली करने की खूब चर्चा रही, जो नहीं देते, उसका विरोध करता। मृत कुख्यात के परिजनों ने अभी तक कुछ नहीं बोला है, लेकिन चेसी गांव में किसी के जन्मदिन पार्टी के नाम पर लिए जटहा को घर से बुलाये जाने की खबर की चर्चा है।

## शादी के नियत से भगाई गई युवती को पुलिस ने किया बरामद

**मधुबनी :** धनहा थाना पुलिस ने शनिवार की देर रात शादी की नियत से अपहत युवती को बिहार-यूपी की सीमा बांसी से बरामद कर लिया गया। वही 164 के बयान के लिए युवती को बगहा न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नियत युवती का अपहरण कर लिया गया था। जिसके विरुद्ध युवती के पिता द्वारा धनहा थाना में 6 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज कराया गया था। इस मामले का अनुसंधान कर रहे एसआई नवीन कुमार सिंह ने तीन दिन के अंदर युवती को बरामद कर लिया।

## नदी में डूबने से एक अधेड़ व्यक्ति की हुई मौत

**सुगौली, पू. च:** स्थानीय थाना के माली पंचायत क्षेत्र से होकर बहने वाली सिकरहना नदी में डूबने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के माली पंचायत के डुमरी छपरा टोला निवासी दरोगा सहनी का 50 वर्षीय पुत्र संजय सहनी शनिवार की देर शाम सिकरहना नदी के किनारे शौच के लिए गया था। जहां पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। काफी देर के बाद जब वह घर नही आया तो परिजन खोजने लगे। तब ग्रामीणों ने बताया कि वह शौच के लिए नदी किनारे गया था। काफी खोजबीन के बाद उसका शव नदी से निकाला गया।वही स्थानीय मुखिया सुनील सहनी ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद प्रभारी थानाध्यक्ष राम गुलाम यादव ने एसआई शाहिद आलम को घटनास्थल पर भेजा। जहां से पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।प्रभारी थानाध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## हंगामा करते पियक्कड़ को पुलिस ने भेजा जेल

**रामनगर :** नगर के भगत सिंह चौक पर एक शराबी शराब पीकर देर रात को हंगामा कर रहा था। जिसे पुलिस ने पकड़ कर भेजा जेल। इस बाबत थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक शराबी को शराब पीकर हंगामा करते हुए नगर के भगत सिंह चौक पर पाया गया। जिसके विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। शराबी की पहचान कुम्हार पट्टी निवासी राजकुमार पटेल के पुत्र रंजीत कुमार में रूप में हुई है।

## दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने दो को किया नामजद

**रामनगर :** 13 साल की एक नाबालिक बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास में स्थानीय पुलिस ने एक युवक और उसकी मां को नामजद किया है। इस मामले में खुलासा करते हुए थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि बीते 6 अक्टूबर को शाम 6 बजे एक 13 साल की नाबालिक बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास के आरोप में पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी बेटी घर के पीछे गन्ने के खेत में शाम को शौच करने गई। जहां इमिलिया टोला भावल के आरोपी ने उसे पकड़ कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इसके बाद हो हल्ला होने के बाद उसकी मां और अन्य ग्रामीण वहां पहुंचे। इसके बाद आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गया। इस मामले की शिकायत करने गई उसकी मां को दुर्व्यवहार कर भगा दिया गया। इधर पीड़ित परिवार ने अपने गांव में इस मामले की पंचायती रखी लेकिन आरोपी के परिजन नहीं पहुंचे। जिसके बाद पंचो ने इस मामले की शिकायत स्थानीय थाना में करने को कहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त मामले में दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## जनसंवाद कार्यक्रम में जनता से मुखातिब होंगे पश्चिम चम्पारण डीएम, तैयारी प्रारम्भ

**बेतिया, प.च.:** जिला के मैनाटांड़ प्रखंड के इनरवा पंचायत अंतर्गत नगरदेही में डीएम दिनेश कुमार राय जनसंवाद के माध्यम से आम जनता से रुबरु होंगे। आमलोगों से संवाद स्थापित कर सरकार की जनहित में संचालित कल्याणकारी योजनाओं की आवश्यक जानकारी देंगे। जनसंवाद में सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। जनता की समस्याओं का समाधान करते हुए योजनाओं का लाभ उठाने के बारे में लोगों को जानकारी देंगे। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि इनरवा के नगरदेही पंचायत भवन परिसर में 11 अक्टूबर 2023 को दोपहर में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजित होगा।

## शराब पीकर हंगामा करते एक धराया

**बेतिया/बगहा, प.च.:** बगहा पुलिस अंतर्गत रामनगर के भगत सिंह चौक पर हंगामा करते एक शराबी को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में उपस्थापित कर दिया है। गिरफ्तार पियक्कड़ नगर के कोहार टोली निवासी रंजीत कुमार बताया गया है। थानाध्यक्ष अनंत राम ने उपर्युक्त जानकारी दी है।

## सख्त : बिजली बिल बकाया उपभोक्ताओं की कटेगी कनेक्शन

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रशाखाओं में बिजली बिल बकाया उपभोक्ताओं के खिलाफ विशेष अभियान चला विभाग विद्युत कनेक्शन काटने का अभियान शुरू किया। जो अब शहरी उपभोक्ता या फिर ग्रामीण क्षेत्र के यदि आपने बिजली का बकाया बिल जमा नहीं किया तो आपका बिजली कनेक्शन काट दी जायेगी। विद्युत कनेक्शन केवल बड़े उपभोक्ताओं का ही नहीं, बल्कि छोटे बकायेदार उपभोक्ताओं का भी कट रहा है। इस संबंध में सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने बताया कि हर माह लगातार बकाया राजस्व की राशि बढ़ने से कंपनी के ऊपर अतिरिक्त दबाव बढ़ने लगा है। जिससे निबटने के लिए बिजली कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा उपभोक्ताओं के परिसर में जाकर वसूली करने का निर्णय लिया गया है। बताते चले कि बहुत सारे बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत संबंध विच्छेदित की गई है।

## शहर >> अपडेट

### विभिन्न मांगों को लेकर सेवानिवृत्त संघ ने की बैठक

**गुवा** : सेवानिवृत्त श्रमिक संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर गुवा सेल क्लब में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता विश्वकेशन महापात्रों ने की। इस दौरान विश्वकेशन महापात्रों ने कहा कि गुवा सेल प्रबंधन ईपीएस-95 जो एक सरकारी पेंशन है। सेल प्रबंधन रिटायर्ड सेल कर्मियों को ईपीएस-95 पेंशन का भुगतान करती है।

## सिटी अपडेट्स >>

### हरलाडीह पंचायत सचिवालय में बैठक आयोजित

**पीरटांड़** : रविवार को खुखरा थाना क्षेत्र के हरलाडीह ओपी अंतर्गत हरलाडीह पंचायत सब सचिवालय में मुखिया पति जगदीश सोरेन की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित कि गई । जिसमें मुख्य रूप से समाज सेवी मनोज कुमार साहू उपस्थित हुए । मौके पर जगदीश सोरेन ने कहा कि पीरटांड प्रखण्ड के लोगों को एकसूत्र में आना होगा तभी पीरटांड का विकास होगा समाज सेवी मनोज कुमार साहू ने कहा की देश आजाद होने में 75 वर्ष हो गया लेकिन पीरटांड के निवासी कभी विधायक नही बन पाऐ । और हमेशा पीरटांड के ही लोग विधायक बनाता है अब समय आ गया है कि पीरटांड को गोलबंध होनेका यहां के लोगों को विकास के नाम पर हमेशा ठगने का काम किया गया है। वक्ताओं में अविनाश मुर्मू ने कहा की अब हमलोग पीरटांड में लोगों को एक हो कर पीरटांड से एक विधायक बना कर विधान सभा भेजेंगे तभी पीरटांड का विकास होगा पीरटांड के प्रमुख पति मनोज हेंब्रम ने कहा विकास यहां तभी होगा जब इस क्षेत्र से विधायक बनेगा ग्रामीण लोग भली भांति जान रहे हैं इस प्रखण्ड को बाहरी लोगों ने ठगा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दो गाय तस्करों को ग्रामीणों ने पड़कर पुलिस को सौंपा

**बड़कागांव** : बड़कागांव रविवार को सुबह 8 बजे के आसपास ग्रामीणों को सूचना मिली कि एक ओमनी वैन में दो युवकों के द्वारा बड़े ही क्रूरतापूर्वक दो गायों को आंगो पंचायत से चोरी कर चारों पर बांधकर गाड़ी में लाद कर ले जाया जा रहा है। यह बात तलसवार एवं आंगो पंचायत में आग की तरह फैल गई, लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आंगो देवगढ़ से ही गाड़ी का पीछा किया परंतु चकमा देकर गाड़ी तीव्र गति से भागते हुए पतरा मोड पहुंचा, वहां पर भी रोकने का प्रयास ग्रामीणों द्वारा किया परंतु वहां भी चकमा देते हुए तीव्र गति से गाड़ी भगा दिया। वहीं से ग्रामीणों ने पीछा करते हुए कोयलंग परेवातरी में गाड़ी रोककर दोनों को पकड़ा जहां ग्रामीण में देखा कि उक्त ओमनी वैन में दो गायों को बड़े क्रूरतापूर्वक चारों पैरों को एक साथ मिलाकर बांधा हुआ था। साथ ही साथ दोनों गायों को मुंह एवं सर भी खींचकर एक साथ बांधकर सुलाया हुआ था। जिसे आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों गायों को मुक्त कराया गया। उक्त वेन में एक ड्राइवर मुदस्सिर अहमद उम्र लगभग 35 वर्ष पिता बशीर अहमद एवं दुसरा मोहम्मद दानिश रजा उम्र 28 वर्ष पिता स्व. अब्बास दोनों ग्राम बलिया थाना बड़कागांव निवासी है। पूछताछ के क्रम में दोनों आरोपी अपना नाम एवं पता सही-सही नहीं बता रहा था। ना ही जानवरों को कहां ले ला रहा है। वह भी नहीं बता पाया है। ग्रामीणों के द्वारा जब कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी कर लाने एवं जानवर को कटिंग में भेजने का बात को कबूल किया।

**संकल्प सभा** | झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बदलाव संकल्प सभा में उमड़ा जनसैलाब

# आज नहीं जागे तो सब कुछ लुट जायेगा: जयराम

- बड़े बदलाव की जरूरत
- नियोजन नीति झारखंडियों के खिलाफ
- इंकलाब में सबको भागीदार बनना होगा
- झारखंड को बचाने का बीड़ा उठाना होगा




राष्ट्रीय खबर

**चौपारण** : चौपारण झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा चौपारण ब्लॉक मैदान में बदलाव संकल्प सभा का आयोजन किया गया। संजय मेहता के नेतृत्व में आयोजित इस सभा में 50 हजार से ज्यादा संख्या में लोग जुटे। सभी ने झारखंडी हक अधिकारों की आवाज बुलंद की। पिछले 45 दिनों से सभा की तैयारी कर रहे संजय मेहता एवं उनकी टीम का प्रयास रंग लाया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए जयराम महतो ने कहा कि झारखंड एक मुश्किल दौर में है। दो दशकों के बाद भी झारखंड में झारखंडियों के लिए नीतियां नहीं बन पायी है। आज तक स्थानीय नीति खतियान आधारित नहीं बन पायी है। नियोजन नीति भी अब तक नहीं बन पायी है।

झारखंड की जमीनों को लूटा जा रहा है। 60: 40 नियोजन नीति झारखंडी जनमानस को स्वीकार्य नहीं है। पुनर्वास की भी नीति नहीं बन पायी है। जमीनों की लूट अत्यंत चरम पर है। ऐसे में सभी झारखंड वासियों को एकजुट होकर यह लड़ाई लड़नी होगी। नहीं तो सबकुछ लूट जाएगा। हमारे ऊपर चारो तरफ से हमला है। आज नहीं जागे तो हमारी पीढ़ियाँ बर्बाद हो जाएगी। हमारे बाल - बच्चे बेघर हो जाएंगे। अगली पीढ़ी बहुत मुश्किल में चली जाएगी। सभा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि झारखंड को एक साजिश के तहत बर्बाद किया जा रहा है। यहां अफसर नेता सब मिलकर झारखंड को लूट रहे हैं। हमारे जमीन, रोजगार सब कुछ को लूट लिया गया है।

हमारे लोग अपने ही जमीन पर कियायेदार बन गए हैं। सभी नियुक्ति की प्रक्रिया में पेंच फंस जाता है। नेता भी चुप हैं। जनप्रतिनिधि ही हमारे शोषक बन गए हैं। जो नेता हमारी माटी से नहीं हैं उन्हें मिट्टी से दर्द नहीं है। जो माटी के नेता हैं वे व्यापारी बन गए हैं।

झारखंड की जनता नेतृत्वविहीन हो गयी है। आज अगर नहीं जागे तो झारखंड का सब कुछ लूट जाएगा। अब यहां परिवर्तन होकर रहेगा। सभा को संबोधित करते हुए भुनेश्वर यादव ने कहा कि झारखंड में एक बहुत बड़े बदलाव की जरूरत है। इसके लिए हम सबों को तैयार रहना होगा। झारखंड के लिए यह आंदोलन बदलाव का एक दौर है। सभी झारखंडी को उठ खड़ा होना होगा। यह एक बड़े परिवर्तन का दौर है। यह आंदोलन एक उम्मीद का आंदोलन है। पूरे झारखंड में जनजागृति पैदा हो चुकी है। सभा को संबोधित करते हुये संजय मेहता ने स्थानीय नीति पर कहा कि 1932 के पहले और 1964 के बाद जिला का अंतिम सर्वे का खतियान ही झारखंड की स्थानीयता का आधार होना चाहिये।

## बजरंग दल के हजारों कार्यकर्ता रांची धर्म सभा में हुये शामिल

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग जिले से बजरंग दल के हजारों हजार कार्यकर्ता विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल झारखंड प्रांत के द्वारा रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित धर्म सभा में सम्मिलित हुए। बजरंग दल के हजारों कार्यकर्ता हजारीबाग शहर के गांधी मैदान से एकत्रित होकर रांची के लिए रवाना हुए। जिसे पूर्व गांधी मैदान में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अरविंद मेहता ने किया वही बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा का नेतृत्व जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हर्ष अजमेरा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा रहे वही विशिष्ट अतिथि मांडू विधायक जय प्रकाश पटेल, संघ के क्षेत्रीय सह शारीरिक प्रमुख त्रिवेणी साहू भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयंत सिन्हा ने कहा अयोध्या के तर्ज पर हजारीबाग में भी राम मंदिर का निर्माण कटकमदाग की धरती पर होगा। हजारीबाग में बजरंग दल का कार्य का प्रशंसा किया। वही बजरंग दल के युवाओं में जोश भरते हुए बजरंग दल के जिला संयोजक ने कहा यह सभी हिंदुत्व की है और आज इतिहास रचने का दिन है। हिंदुत्व का इस देश का पुरुषार्थ है बजरंग दल। इसीलिए देश का बल बजरंग दल है, अयोध्या में बन रहे प्रभु श्री रामचंद्र जी का मंदिर महज मंदिर नहीं अपितु राष्ट्र की आत्मा का निर्माण हो रहा है।

मायके वालों ने दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप

## महिला का पंखा में झुलता शव पुलिस ने किया बरामद


राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** इचाक थाना क्षेत्र के नवाडीह पंचायत के भूसवा गांव में पुलिस ने दिन रविवार को सुबह 8 बजे पंख से झूलता महिला शव को किया बरामद। महिला की पहचान अख्तरी खातून उम्र 22 वर्ष पति एहसान अंसारी के रूप में हुआ। महिला की शादी लॉकडाउन में लगभग 3 वर्ष पूर्व हुई थी। महिला निःसंतान थी। महिला के मां मेहरून खातून एवं भाई कुदुश अंसारी ने कहा कि भुसवा गांव के ही कोई व्यक्ति हमें फोन कर बताया कि आपकी बेटी पंख से झुली हुई है और मौत हो गया है। लडकी मां का आरोप है कि हमारी बेटी के पति एहसान अंसारी ,सास हाजरा खातून, ससुर मुबारक मियां ,देवर शहजाद अंसारी ने बार-बार झगड़ा एवं मारपीट करते रहता था। 10 दिन पहले इस संबंध में पंचायत भी हो चुका था।

बेटी के ससुराल वालों व पति नशे में आकर मारपीट करते रहते था कि 3 साल हो गया है बच्चा नहीं हो रहा है अब हम तुम्हें नहीं रखेंगे एवं दहेज का बार-बार मांग करता था जबकि हम अपनी बेटी का दहेज अपने समर्थ के अनुसार डेढ़ लाख एवं एक अपाचे बाइक के साथ-साथ घर के पूरे बर्तन समान सहित दान में दिए थे। और दहेज नहीं देने पर हमारे बेटी के घर वालों ने मिलकर जान से मार दिया।

महिला के पति पैसे से एक ड्राइवर है और वह बाहर में रहकर वाहन चलाने का काम करता है। घटना के पूर्व लगभग 10 दिन पहले घर के बाहर जा चुका है। इस संबंध में एस.ए.आई अजाजुल हक ने अपने टीम के साथ शाव को कब्जे में ले लिया है। ठीक इसी तरह की घटना उस गांव में पहले भी 20 अगस्त 2023 को हो चुका थी और मामले को रफा दफा कर दिया गया था इससे कुछ लोगों का गांव में मनोबल बढ़ा हुआ है। खबर लिखे जाने तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया था एवं दोनों पक्षों ने मिलकर मामले को रफा दफा करने में लगे थे।

## इंजीनियर की नौकरी छोड़ कुटीर उद्योग से अच्छी कमाई कर रहे युवा



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** केरेडारी प्रखंड अंतर्गत कराली पंचायत के केमो गांव निवासी महावीर पांडेय के पुत्र बीरेंद्र कुमार पांडेय ने भी जीवन में एक सपना संजोया था की पढ़ लिखकर अच्छी नौकरी करूंगा। उसने ऐसा करके दिखाया भी उसने एनटीपीसी थर्मल पावर टंडवा में 2015 साल से इंजिनियर की नौकरी करने के बाद उसे लगा की नौकरी करने से बेहतर है की स्वरोजगार के माध्यम से आत्म निर्भर बना जाय। इसके बाद बीरेंद्र ने अपने घर में बीते फरवरी माह 2023 में कुटीर उद्योग को स्थापित किया। जिससे आज वह घर बैठे 60 से 70 हजार रुपए बहुत आसानी से कमा लेता है। बीरेंद्र अपने घर में भारत सरकार द्वारा संचालित एमएसएमई योजना के तहत गांव में पेपर रॉ मेटेरियल का निर्माण करता है। जिससे दोना पत्तल बनता है।

बीरेंद्र के कुटीर उद्योग का रॉ मेटेरियल अभी लोहरदगा, रांची, हजारीबाग एवं चतरा चार जिला क्षेत्र में सप्लाई किया जाता है। बीरेंद्र ने बताया की रॉ मेटेरियल बनाने के लिए आरा-बिहार एवं रांची सिल्लीगुड़ी के पेपर मिल से पेपर को मंगाना पड़ता है। जबकि दिल्ली से प्रिंटेड पेपर फिल्म और लखनऊ से गोंद को मंगाकर यहां दोना पतल का रॉ मेटेरियल तैयार होता है।

बीरेंद्र आज के युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन गया है। कराली पंचायत के मुखिया अशोक राम ने कहा आज के युवा पीढ़ी में नया जोश। कराली पंचायत के मुखिया अशोक राम ने बीरेंद्र कुमार पांडेय द्वारा स्थापित कुटीर उद्योग को देखने के बाद उनके कार्यों की प्रशंसा कर हौसला आफजाई किया। मुखिया ने कहा की आज के युवा पीढ़ी में नया जोश व उमंग है। इसी से प्रेरित होकर युवा पीढ़ी कुछ अलग करने की ठान रखी है। गांव में कुटीर उद्योग खुलने से स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है। हमारा गांव पंचायत का नाम रौशन हो रहा है।

## शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ

राष्ट्रीय खबर

**दारू** : झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के तत्वावधान में बीआरसी में आयोजित बुनियादी साक्षरता सुदृढीकरण कार्यक्रम का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण द्वितीय सत्र शिविर का शुभारंभ रविवार को हुआ। शिविर में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कक्षा 1 तथा 2 में पढ़ाने वाले 24 हिन्दी शिक्षक- शिक्षिकाओं को बुनियादी साक्षरता के 8 घटकों की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर अमित कुमार राणा, नितिन सिन्हा, शम्भू कुमार, दिलीप ठाकुर ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों में मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन विषय पर विस्तार से समझ बनाने का कार्य किया। रूम टू रीड संस्था के प्रखंड समन्वयक एकता कुमारी जयसवाल ने कहा कि संस्था सरकार के साथ मिलकर विद्यालयों में नौनिहालों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने पर कार्य कर रही है। एफएलएन किट का समुचित प्रयोग, शिक्षक संदर्शिका, नई किरण का व्यवहारिक उपयोग किया जाए ताकि बच्चे आसानी से पढ़ना-लिखना सीख जाए। प्रशिक्षक अमित कुमार राणा, नितिन सिन्हा, शम्भू कुमार,दिलीप ठाकुर ने शिक्षकों को बताया कि इन घटकों पर प्रतिदिन व्यवस्थित कार्य करके निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

**आयोजन** | पर्यटकों से स्थानीय लोगों के रोजगार में बढ़ोतरी होगी

# पर्यटकों को आकर्षित कराने के लिए सूर्यकुंड उत्सव का आयोजन करना जरूरी: सुनील

▶▶ आयोजन के लिए प्रबंधन समिति का गठन करना अति आवश्यक



राष्ट्रीय खबर

**बरकट्ठा:** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलकपी स्थित एशिया महादेश का सबसे गर्म कुंड धार्मिक पर्यटक स्थल सूर्यकुंड परिसर में सूर्यकुंड उत्सव,बरकट्ठा-2023 सह सम्मान समारोह (सांस्कृतिक कार्यक्रम) अयोजन हेतु एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता चंद्रकांत पांडेय ने किया। सूर्यकुंड उत्सव,बरकट्ठा-2023 के आयोजक जिला ग्रामीण विकास समिति हजारीबाग(झारखंड) के सचिव सुनील कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए, आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों को अंग वस्त्र के साथ कार्यक्रम का प्रोजेक्ट रिपोर्ट भेंट करते हुए कहां कि सूर्यकुंड उत्सव आयोजन करने से राज्य पर्यटन विभाग, केंद्र पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के साथ-साथ पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करना अति आवश्यक है। इस कार्यक्रम में देश, राज्य के नामचीन कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों द्वारा कला एवं झारखंड की कलाकृति को प्रस्तुत किया जाएगा इससे सूर्यकुंड का सर्वांगीण विकास के साथ-साथ यहां पर्यटकों के आने-जाने से आस-पास रहने वाले स्थानीय लोगों में रोजगार की बढ़ोतरी होगी सुनील कुमार ने बताया कि सूर्यकुंड मेला के पहले छठ या दीपावली के पूर्व संध्या पहली बार सूर्यकुंड उत्सव,बरकट्ठा-2023 एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, उन्होंने बताया कि बड़े आयोजन के लिए प्रबंधन समिति का गठन करना अति आवश्यक है।

जल्द ही प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा इस विषय पर ग्रामीणों ने भरपूर समर्थन करते हुए कहा कि हमलोग तन, मन और धन से सहयोग करने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी ने अपना-अपना समर्थन दिया आरंभ बैंड के संचालक सह निदेशक अभिजीत कुमार(सोनू) ने कार्यक्रम का लाभ आम जनता को कैसे प्राप्त होगा इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए बोले की यहां पर रोजगार की संभावनाएं बहुत अधिक है आप लोगों का सहयोग और समर्थन रहा तो बहुत जल्द स्थानीय लोगों को रोजगार से मुखातिब किया जाएगा परमानंद पांडेय ने सभा को संबोधित करते हुए बैठक में अपनी सहमती रखते हुए बैठक की समाप्ति का घोषणा किए उक्त बैठक में सुरेंद्र कुमार पांडेय, रामकृष्ण पांडेय पीयूष पांडेय अभिजीत कुमार पांडेय रविकांत कुमार पांडेय, श्याम किशोर पांडेय, कालेश्वर पांडेय अभय कुमार पांडेय जयराज पासवान, शशिकांत सिंह, बबलू पासवान, पिंकू पासवान अजीत कुमार के साथ स्थानीय पत्रकार एवं गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## न्यूज फटाफट

### छावनी अखाड़ा दुर्गा पूजा समिति का गठन

**हजारीबाग** : इचाक प्रखण्ड के ऐतिहासिक छावनी अखाड़ा में शारदीय दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बुकलेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। बैठक में शारदीय दुर्गा पूजा को शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर कमिटी की गठन की गई। जिसमें सर्व सम्मति से प्रदीप प्रसाद मेहता को अध्यक्ष, सदन प्रसाद मेहता को सचिव और नरेश प्रसाद मेहता को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा 15 लोगो को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। जिसमे बालेश्वर मेहता, किशोर मेहता, सुरेन्द्र प्रसाद मेहता, प्रदीप कुमार मेहता, प्रकाश मेहता, द्वारिका मेहता, सुबोद मेहता, उमेश मेहता, सीकेन्द्र मेहता, अशोक मेहता, लोकनाथ मेहता, वजीर प्रसाद मेहता, आदित्य कुमार, जीतू यादव, संतोष कुमार, शैलेन्द्र यादव और पिन्टू कुमार शामिल हैं। बैठक में दर्जनो लोग शमिल थे।

### वंदना करने गए यात्री की हृदय गति रुकने से मौत

**पीरटांड** : जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल मधुबन स्थित पारसनाथ पर्वत पर रविवार को टीकमगढ़ से आए लगभग 50 वर्षीय तीर्थ यात्री सुरेशचंद्र सिंघई का वंदना के दौरान पर्वत स्थित भगवान शीतलनाथ अभिनन्दन स्वामी टोंक पर हृदय गति रुकने के कारण मौत हो गई। साथ में गये तीर्थ यात्रियों ने बताया कि अचानक तीर्थ यात्री नीचे गीर गये और उनका देहांत हो गया। आनन-फानन में उन्हें नीचे उतारा गया जहां आत्म संतुष्टि हेतू उन्हें डाक्टर से भी दिखलाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यहां यह बता दें कि स्व० सुरेशचंद्र सिंघई अपने परिवार के साथ टीकमगढ़ से यात्रियों के जथ्था में मधुबन आए हुए थे। और सभी लोग वंदना करने पारसनाथ पर्वत पर गए थे। मृतक यात्री मधुबन स्थित श्री दिगम्बर जैन तेरह पंथी कोठी मे ठहरे हुए है। यात्री स्व०सुरेशचंद्र सिंघई के निधन के बाद परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। वही मृतक के शव को पर्वत से डोली के सहारे तेरह पंथी कोठी लाया गया।

### झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन



**हजारीबाग** : बड़कागांव प्रखंड अंर्तगत सीरमा पंचायत भवन में झारखंड मोर्चा का पंचायत स्तरीय बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता मो अहद एवं संचालन मोहम्मद एहरार ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य सरकार परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि मुख्य संयोजक संजय सिंह एवं सफीउल्लाह अंसारी विशेश्वर राम संजय भुईयां के द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। श्री बेदिया ने कहा की हेमंत सरकार आदिवासी मूलनिवासी के लिए विशेष रूप से कार्य कर रही है गरीब महिला पुरुष के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के योजनाएं चलाए जा रहे हैं। योजना में किसी प्रकार के कोई सीमा नहीं है हर वक्त व योजना पर कार्य चलते रहता है। कल्याण विभाग में नौजवान साथी एवं गरीब महिला पुरुष लोगों के लिए 50 हजार से लेकर 20 लाख तक ऋण अनुदान पर दे रही है जो जीस कैटेगरी में आता है उसे कैटेगरी के अनुसार अनुदान सरकार दे रही है। सरकार कई प्रकार की योजना चल रहा है जो सीधे तौर पर ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है। नवनिर्वाचित प्राधिकारियों को श्री बेदिया जी के द्वारा झामुमों का पट्टा देखकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य के लिए कामनाएं। संजय सिंह ने कहा संजय सिंह ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा एक आंदोलन पार्टी है जो हमेशा जमीन स्तर पर कार्य करती है। लोकसभा और विधानसभा के लिए विशेष रूप से कार्य चल रहा है सीरमा पंचायत कमेटी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष मो हेसाम, उपाध्यक्ष समीर परवीन, मो मोहसिन, अहद रजा, सचिव मो तालीम, संयुक्त सचिव मो एकराम हुसैन, सहूद आलम, संगठन सचिव मो अकील, कोशाध्यक्ष करामत अली, कार्यकारिणी सदस्य मो अफसर इमाम, नजरुल इस्लाम ,मोहम्मद हुसैन, मो अख्तर आलम, मुस्कान खान, मो वसीम ,अमानत अली, असर फल मियां,आदि लोगों का बनाया गया सफीउल्लाह अंसारी और विशेश्वर राम ने सभी कार्यकताओं को झामुमो का पट्टा देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित मुख्य संयोजक संजय सिंह, विशेश्वर राम, सफीउल्लाह इत्यादि सैकड़ो महिला पुरुष शामिल है

### दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष महेंद्र मेहता जबकि सचिव मिथलेश कुमार बने



**इचाक** : इचाक दुर्गा पूजा को लेकर दरिया, जगड़ा, जोगीडीह के ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी कुशालचन्द मेहता जबकि संचालन महेंद्र मेहता ने किया। सर्वसम्मति से पूजा समिति के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार मेहता, सचिव मिथिलेश कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मेहता कार्यकारिणी सदस्य कुशलचंद मेहता, अशोक मेहता, सौरभ कुमार, छत्रधारी मेहता, बीरबल मेहता, बंसी मेहता, किशोर मेहता बिनोद मेहता, किशोर मास्टर, बसंत मेहता, सरोज मेहता, उमेश मेहता, संदीप भूईया ,जगदीश मास्टर, राजेन्द्र मेहता, संतोष कुमार, प्रदीप मेहता, जीतू कुमार, सीताराम मेहता, श्रीकांत मेहता, यशवंत कुमार, टिकेश्वर राम, महेंद्र राम, मुकेश मेहता, घनश्याम मेहता, सुभाष मेहता सहित 31 सदस्यों का गठन किया गया बैठक मे राम प्रकाश मेहता, विजय कुमार, युवराज मेहता, बलदेव मास्टर, जयलाल महतो, मुन्शी मेहता, दामोदर महतो, जय नंदन मेहता, टूकन महतो, राजेश कुमार मेहता मुन्शी प्रसाद, सुरेश मेहता, संजय मेहता, मोहन महतो, रंजीत कुमार, अनंत कुमार, पप्पू कुमार, खेदन महतो, अजय कुमार इत्यादि सैकड़ों लोगों उपस्थित थे।

### अमन राज नीट(यूजी) 2023 में पायी सफलता

**बरकट्ठा** : बरकट्ठा प्रखंड निवासी सह दुर्गा नर्सिंग होम के संचालक संजय साव के पुत्र व सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त टिकन नायक के पौत्र अमन राज ने अपने पहले ही प्रयास में नीट की परीक्षा में सफलता पाई ।अमन के पिता संजय साव ने बताया कि अमन शुरू से मेधावी छात्र रहे है उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा डीएभी स्कूल बरही से पूरा की।जहां वर्ष 2021 में दसवीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा के बाद नीट की तैयारी करने के लिए कोटा चले गए।वहां उन्होंने एलन कैरियर इंस्टिट्यूट में नर्चर बैच में नामांकन कराया और दो साल जमकर तैयारी की।वहीं कोटा से ही वर्ष 2023 में स्थानीय शैक्षणिक संस्थान से प्लस 2 की परीक्षा उतीर्ण की और पहले ही प्रयास में उसी साल आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) 2023 की परीक्षा में फतह हासिल की।नीट की परीक्षा के कुल अंक 720 में उन्होंने 649 अंक लाकर पूरे देश मे सामान्य कैटेगरी में 7924, ओबीसी कैटोगरी में 2712 और झारखंड राज्य में 13 वां स्थान हासिल किया।तीसरे राउंड के कॉउंसलिंग में वह ग्रांट राजकीय मेडिकल कॉलेज मुंबई में दाखिला लेने में सफल हुए।अमनराज ने सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को दिया।उनकी सफलता पर पूरे परिवार में खुशी है।माता रेनुदेवी जो एएनएम है ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा था कि मेरा बेटा एक दिन डॉक्टर बनेगा।उन्होंने बेटे को मीठा खिलाकर खुशी का इजहार किया।इस सफलता को लेकर प्रखण्ड में हर्ष का माहौल है।

